चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम अमर उजाला
दिनांक 5.5.2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 3-8

शिविर

एचएयू में खुंब उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण शिविर संपन्न, कोर्डिसेप खुंब में होते हैं औषधीय गुण, बाजार में है ऊंची कीमत


# विद्यार्थी कोर्डिसेप खुंब को व्यवसाय के रूप में अपनाएं : डॉ. सिंह

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित खुंब उत्पादन तकनीक पर चल रहा प्रशिक्षण शिविर शनिवार को संपन्न हो गया।

शिविर के समापन समारोह के अवसर पर डॉ. सुरजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लिया। उन्होंने छात्रो को संबोधित किया कि छात्र अपना पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद इसे एक व्यवसाय के रूप में अपना सकते हैं। कोर्डिसेप खुंब में औषधीय गुण हैं और इसकी बाजार में कीमत काफी ऊंची है। मुख्य अतिथि ने छात्रों को सर्टिफिकेट भी वितरित किए।

इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. ओमेंद्र सांगवान ने छात्रों को संबोधित करते हुए निदेशालय द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया व प्रशिक्षण पूरा करने पर बधाई दी। डॉ. सतीश मेहता ने अपने संबोधन में बताया कि हरियाणा प्रांत में मुख्यत सफेद बटन खुंब का उत्पादन हो रहा है। मंच का संचालन कर रही छात्रा प्रीति धनखड़ ने प्रशिक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा सभी का धन्यवाद किया।



एचएयू में खुंब उत्पादन तकनीक पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर के समापन पर उपस्थित प्रशिक्षणार्थी। - अमर उजाला

## उत्तर भारत में मशरूम की खेती का समय

- सफेद बटन मशरूम (अगेरिकस बाइस्पोरस) - मध्य सितंबर से मध्य मार्च तक
- शिटाके मशरूम (लेंटीनूला इडोड्स) - सितंबर मध्य से फरवरी
- धान पुआल खुंब (वोल्वेरिएला प्रजातियां) - मई से मध्य अगस्त
- आयस्टर मशरूम (प्लूरोट्स प्रजातियां) - अगस्त से अप्रैल
- दूधिया मशरूम (कैलोसाइबी इंडिका) - मार्च से मध्य अगस्त


## मशरूम की खेती के लाभ

मशरूम की खेती अन्य फसलों की उपज से बचे पदार्थों जैसे कि अनाज वाली फसलों का भूसा अथवा अन्य कृषि-अवशेषों पर की जाती है, जिससे उनका पुनःचक्र होकर उच्च कोटि के पोषक तत्वों एवं औषधीय गुणों से भरपूर मशरूम प्राप्त होती है। इससे हमारे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता। मशरूम की खेती के बाद बचा हुआ कंपोस्ट और भूसा फिर से कार्बनिक खाद के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। किसान मशरूम की खेती को अपनी सामान्य खेती के साथ दो फसलों के बीच मिलने वाले समय के दौरान, अतिरिक्त आय के साधन के रूप में कर सकते हैं। गांव के बेरोजगार युवकों और मजदूर भाइयों के लिए यह खेती स्वरोजगार का अवसर प्रदान करती है। घरेलू महिलाओं के आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए भी मशरूम की खेती में अच्छी संभावनाएं हैं। मशरूम की खेती में निर्यात की प्रबल संभावनाएं हैं। यदि प्रति इकाई क्षेत्र उत्पादन की दृष्टि से देखें तो मशरूम की खेती में उत्पादन किसी भी अन्य फसल से कई गुणा ज्यादा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर
दिनांक 5.5.2019 पृष्ठ सं. 18, 5 कॉलम 7-8, 7-8

## एचएयू में खुंब उत्पादन तकनीक पर विद्यार्थियों को दी प्रशिक्षण



मुख्य अतिथि डा. सुरजीत सिंह प्रशिक्षणार्थी छात्रों के साथ।

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के तहत काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित खुंब उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के समापन समारोह के अवसर पर डा. सुरजीत सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र अपना पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद इसे एक व्यवसाय के रूप में अपना सकते हैं। (जासं)

## मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण संपन्न

हिसार| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अन्तर्गत काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर डा. सुरजीत सिंह ने मुख्य अतिथि थे। उन्होनें कहा कि छात्र अपना पाठयक्रम पूरा करने के बाद इसे एक व्यवसाय के रूप में अपना सकते हैं। उन्होंने बताया कि कोर्डिसेप मशरूम में औषधीय गुण हैं तथा इसकी बाजार में कीमत काफी अधिक हैं। मुख्य अतिथि ने सर्टिफिकेट भी वितरित किए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय


समाचार-पत्र का नाम ....सिटी पल्स....
दिनांक ...5.5.2019... पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...3-5...

# विद्यार्थियों को वितरित किए सर्टिफिकेट

## हकृवि में आयोजित खुम्ब उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण का समापन

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अन्तर्गत काउंसलिंग एण्ड प्लेसमैंट सैल द्वारा आयोजित खुम्ब उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के समापन समारोह के अवसर पर डॉ. सुरजीत सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र अपना पाठयक्रम पूरा करने के बाद इसे एक व्यवसाय के रूप में अपना सकते हैं। उन्होंने बताया कि कोर्डिसेप खुम्ब में औषधीय गुण हैं तथा इसकी बाजार में कीमत काफी ऊंची हैं। मुख्य अतिथि ने छात्रों को सर्टिफिकेट भी वितरित किए।

इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. ओमेंद्र सांगवान ने छात्रों को संबोधित करते हुए निदेशालय द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया व छात्रों को प्रशिक्षण पूरा करने पर बधाई दी। डॉ. सतीश मेहता ने बताया कि हरियाणा में मुख्यत सफेद बटन खुम्ब का उत्पादन हो रहा हैं। मंच का संचालन कर रही छात्रा प्रीति धनखड़ ने प्रशिक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत की।



*हिसार। मुख्य अतिथि डॉ. सुरजीत सिंह प्रशिक्षणार्थी विद्यार्थियों के साथ।*


चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक हिसार....

दिनांक ....4.5.2019.... पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....1-2....

# खुम्ब उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण का समापन


**हिसारः 4 मई** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण



निदेशालय के अन्तर्गत काउंसलिंग एण्ड प्लेसमैंट सैल द्वारा आयोजित खुम्ब उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के समापन समारोह के अवसर पर डा.सुरजीत सिंह ने मुख्य अतिथि थे। उन्होनें छात्रो को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र अपना पाठयक्रम पूरा करने के बाद इसे एक व्यवसाय के रूप में अपना सकते हैं। उन्होने बताया कि कोर्डिसेप खुम्ब में औषधीय गुण हैं तथा इसकी बाजार में कीमत काफी ऊँची हैं। मुख्य अतिथि ने छात्रों को सर्टिफिकेट भी वितरित किए। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. ओमेंद्र सांगवान ने छात्रों को संबोधित करते हुए निदेशालय द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया व छात्रो को प्रशिक्षण पूरा करने पर बधाई दी। डा.सतीश मेहता ने अपने सम्बोधन में बताया कि हरियाणा प्रान्त में मुख्यत सफेद बटन खुम्ब का उत्पादन हो रहा हैं।

समाचार-पत्र का नाम ....पारुल प्रहर....
दिनांक ....5-5-2019 पृष्ठ सं. ....5.... कॉलम ....1-2....

# खुम्ब की बाजार में कीमत काफी ऊंची



हिसार, 4 मई (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय के अन्तर्गत काउंसलिंग एण्ड प्लेसमैंट सैल द्वारा आयोजित खुम्ब उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया । प्रशिक्षण के समापन समारोह के अवसर पर डा.सुरजीत सिंह ने मुख्य अतिथि थे। उन्होनें छात्रो को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र अपना पाठयक्रम पूरा करने के बाद इसे एक व्यवसाय के रूप में अपना सकते हैं। उन्होने बताया कि कोर्डिसेप खुम्ब में औषधीय गुण हैं तथा इसकी बाजार में कीमत काफी ऊँची हैं। मुख्य अतिथि ने छात्रों को सर्टिफिकेट भी वितरित किए। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. ओमेंद्र सांगवान ने छात्रों को संबोधित करते हुए निदेशालय द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया व छात्रो को प्रशिक्षण पूरा करने पर बधाई दी। डा.सतीश मेहता ने अपने सम्बोधन में बताया कि हरियाणा प्रान्त में मुख्यत सफेद बटन खुम्ब का उत्पादन हो रहा हैं। मंच का संचालन कर रही छात्रा सुश्री प्रीति धनखड़ ने प्रशिक्षण की विरूतृत रिपोर्ट प्रस्तुत की व सभी का धन्यवाद किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक जागरण, अमर उजाला

दिनांक 5.5.2019 पृष्ठ सं. 18, 6 कॉलम 7-8, 1-2

## कराटे प्रतियोगिता में वंश ने जीता रजत पदक



वंश कैंपस स्कूल के प्रधानाचार्या सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला के साथ।

**जागरण संवाददाता, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के कक्षा तीसरी के छात्र वंश ने राष्ट्रीय स्तर पर 15वें कोटाका कप प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय कराटे संघ द्वारा ताल कटोरा स्टेडियम दिल्ली में 20-21 अप्रैल को आयोजित की गई थी। स्कूल के नियंत्रण अधिकारी डा. एसके ठकराल, प्रधानाचार्या सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला, खेल अध्यापिका बक्शो और सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने वंश की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उसे बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। (जासं)

## सुबह : विजेता छात्र वंश का सम्मान



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के कक्षा तीसरी के छात्र वंश ने राष्ट्रीय स्तर पर 15वें कोटाका कप प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय कराटे संघ द्वारा ताल कटोरा स्टेडियम दिल्ली में 20-21 अप्रैल को आयोजित की गई थी। शनिवार को विजेता छात्र वंश का स्कूल में सम्मान किया गया। कैंपस स्कूल के नियंत्रण अधिकारी डॉ. एसके ठकराल, प्रधानाचार्या सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला, खेल अध्यापिका बक्शो आदि ने वंश को बधाई दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक भास्कर, पंजाब केसरी

दिनांक 5.5.2019 पृष्ठ सं. 2, 3 कॉलम 1-2, 4-5

## हकृवि के कैंपस स्कूल के वंश ने जीता रजत पदक, सम्मानित

हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के कक्षा तीसरी के



छात्र वंश ने राष्ट्रीय स्तर पर 15वें कोटाका कप प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय कराटे संघ द्वारा ताल कटोरा स्टेडियम दिल्ली में 20-21 अप्रैल को आयोजित की गई थी। कैंपस स्कूल के नियंत्रण अधिकारी डॉ. एसके ठकराल, प्रधानाचार्या सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला, खेल अध्यापिका बक्शो तथा सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने वंश की उपलब्धि पर खुशी जताई।

## वंश ने जीता रजत पदक

हिसार, 4 मई (ब्यूरो): एच.ए.यू. के कैंपस स्कूल के कक्षा तीसरी के छात्र वंश ने राष्ट्रीय स्तर पर 15वें कोटाका कप प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय कराटे संघ द्वारा ताल कटोरा स्टेडियम दिल्ली में 20-21 अप्रैल को आयोजित की गई थी। कैंपस स्कूल के नियंत्रण अधिकारी डा. एस.के. ठकराल, प्रधानाचार्या सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला, खेल अध्यापिका बक्शो तथा सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने वंश की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उसे बधाई दी।



वंश कैंपस स्कूल के प्रधानाचार्या सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला के साथ।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम सिटी पल्स

दिनांक 4.5.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-3

# कोटाका कप प्रतियोगिता : हकृवि के कैंपस स्कूल के वंश ने जीता रजत पदक

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के कक्षा तीसरी के छात्र वंश ने राष्ट्रीय स्तर पर 15वें कोटाका कप प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय कराटे संघ द्वारा ताल कटोरा स्टेडियम दिल्ली में 20-21 अप्रैल को आयोजित की गई थी। कैंपस स्कूल के नियंत्रण अधिकारी डॉ. एस.के. ठकराल, प्रधानाचार्य सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला, खेल अध्यापिका बक्शो तथा सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने




हिसार। कैंपस स्कूल के प्रधानाचार्य सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला के साथ छात्र वंश।

वंश की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उसे बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......हैलो हिसार......
दिनांक ....5.5.2019.... पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....1-3....

# हकृवि के कैंपस स्कूल के वंश ने जीता रजत पदक



हिसार: 4 मई चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के कक्षा तीसरी के छात्र वंश ने राष्ट्रीय स्तर पर 15वें कोटाका कप प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय कराटे संघ द्वारा ताल कटोरा स्टेडियम दिल्ली में 20-21 अप्रैल को आयोजित की गई थी। कैंपस स्कूल के नियंत्रण अधिकारी डॉ. एस.के. ठकराल, प्रधानाचार्या श्री सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला, खेल अध्यापिका सुश्री बक्शो तथा सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने वंश की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उसे बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।